हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42 .8 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

11 बेल्जियम और फ्रांस से आए ख्यातिप्राप्त शिक्षकों..

12 बेखौफ होकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे...


## खबर संक्षेप

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार


रोहतक। आरोपित पुलिस गिरफ्त में।

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि कन्हेली पुल के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान कुलदीप निवासी नेहरू कॉलोनी के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। शिवाजी कॉलोनी थाना में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### योगा ओलंपियाड में दिखाएंगे खेल प्रतिभा

**रोहतक।** जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का शुक्रवार 11 अप्रैल को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी रोड पर आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों के खंड स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित योग खिलाड़ी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय के कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 10 (लड़के व लड़कियां) अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, योग एक्सपर्ट डॉक्टर जनक राज ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 25 अप्रैल को राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बिजली पेंशनर्स वैलफेयर एसो. मासिक बैठक आज

**रोहतक।** हरियाणा बिजली पैंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन हैड आफिस की शुक्रवार को मासिक बैठक होगी। यह जानकारी यूनिट सचिव सुरेंद्र कुमार चावला ने दी। उन्होंने बताया कि सीनियर सिटिजन क्लब, मानसरोवर पार्क में सुबह 10 बैठक होगी। जिसमें कार्यकारिणी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में व लोकल लेवल के इश्यु के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

## पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 13 तक मौसम में रहेगा उतार-चढ़ाव, तब-तक कटाई करें संभलकर

# मेख के बाद ही होंगी मंडियां गुलजार, 3.20 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य, अभी तक 7 हजार पहुंचा गोदाम

## पारा बढ़ने से ही फसल कटाई में तेजी आएगी

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

हरियाणा में एक कहावत है कि आयी मेक/मेख और 'आल्या सूखा एकम्म-एक'। कहने का मतलब ये है कि 13-14 अप्रैल के बाद गेहूं फसल कटाई के लायक हो जाती है। सरकार ने इस बार रोहतक जिले से 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। गत वर्ष 2 लाख 95 हजार मीट्रिक टन खरीदा गया था। अभी तक तकरीबन 7 हजार मीट्रिक टन की खरीद जिले से की गई है। वीरवार को महम अनाज मंडी से खरीदारी के पहले दिन एक हजार क्विंटल गेहूं खरीदा गया। दूसरी सीजनली मंडियों में भी धीरे-धीरे गेहूं आवक शुरू होगी।

**दूसरी सीजनली मंडियों में भी धीरे-धीरे गेहूं आवक शुरू होगी**



### मौसम ने भी पलटी मारी, चली तेज हवाएं

बृहस्पतिवार दोपहर बाद मौसम ने भी पलटी मारी। कहीं-कहीं तेज हवा चली। जिसकी वजह से किसानों ने फसल कटाई का काम रोकना पड़ा। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने मौसम को लेकर जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके मुताबिक 13 अप्रैल मौसम में ऐसे उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इसकी वजह है पहाड़ी क्षेत्रों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसका असर हरियाणा पर भी पड़ रहा है। विश्वविद्यालय का कहना है कि 14 अप्रैल से राज्य दोबारा से भंयकर गर्मी की चपेट में आना शुरू हो जाएगा। पारा बढ़ने से ही फसल की कटाई के कार्य में तेजी आएगी। इसके बाद ही मंडियां गेहूं से गुलजार होंगी।

### बंपर होगी पैदावार

इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होगी। इसकी वजह देर तक मौसम फसल के अनुकूल बना रहा। अप्रैल के पहले सप्ताह में इस बार ठंडी हवाएं कई दिन चली। जिससे गेहूं की पछेती फसल की सही पकाई हुई है। कई बार मार्च के अंतिम दिनों में ही पारा 40 डिग्री के आसपास पहुंच जाता है। जिससे पछेती किस्मों की अच्छी पकाई नहीं होती है। दाना पतला रहने से उसमें भार कम हो जाता है। और पैदावार में 10-15 प्रतिशत की कमी तक हो जाती है। इस साल तकरीबन पौने तीन लाख एकड़ में गेहूं की बिजाई किसानों ने की थी। कृषि विभाग का कहना है कि मौसम गेहूं के अनुकूल रहा है। इसलिए इस बार पैदावार काफी अच्छी होने की उम्मीद है।

### 20-25 दिन तक साफ रहेगा मौसम

वीरवार दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन होते ही किसानों की सांसें ऊपर-नीचे होने लगी। वजह फसल कटाई के लिए तैयार है। और मौसम फसल के प्रतिकूल हो गया। फसल की कटाई तभी सही हो सकती है,जब अगले 20-25 दिन मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। चमकीली धूप निकले और पश्चिमी हवाएं चलें। ऐसे मौसम में ही गेहूं सही पकेगा। दाने में नमी कम होगी तो गेहूं को बेचने में किसानों को दिक्कत नहीं होगी। नमी को लेकर सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के मुताबिक ही हर साल गेहूं की खरीद होती है। अगर तय मानदंडों से ज्यादा नमी होगी तो एजेंसी गेहूं की खरीद नहीं करती है। किसान जिंस को मंडी में डाल देता है और एजेंसियां उसमें ज्यादा नमी बताकर खरीदती नहीं है। ऐसे में किसानों को अब साफ मौसम की दरकरार है। अगर थोड़ी सी बरसात इस समय हो जाती है तो किसानों के सामने फसल बेचने की दिक्कत खड़ी हो जाएगी।

### फसल को अच्छे सुखाकर लाएं

मंडियों में गेहूं खरीद की प्रक्रिया सरकार ने गत 1 अप्रैल से शुरू करवाई हुई। जितना गेहूं अभी तक पहुंचा, उसकी नमी की जांच की है। इसके बाद उसे खरीदा गया है। मेरा किसानों से अनुरोध है कि वे फसल को अच्छे सुखाकर मंडियों में लाएं। ताकि उसकी तुरंत खरीदारी की जा सके। *-वरिंद्र सिंह*
*जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक*

### महम अनाज मंडी में शुरू हुई गेहूं खरीद, पहले दिन खरीदा एक हजार क्विंटल गेहूं

महम। अनाज मंडी महम में वीरवार से गेहूं की खरीद का काम शुरू हो गया है। पहले ही दिन मंडी में हेफेड द्वारा एक हजार क्विंटल गेहूं खरीदा गया। खरीद एजेंसियों की देरी की वजह से ही महम अनाज मंडी में गेहूं की खरीद लेट शुरू हुई है। मार्केट कमेटी सचिव दीपक ने बताया कि अब तक मंडी में 48 हजार 189 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। मंडी में 47 हजार 189 क्विंटल गेहूं बिना बिका हुआ रखा है। खरीद एजेंसियों के लिए खरीद के दिन निर्धारित कर दिए गए हैं। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को वेयर हाऊस कोर्पोरेशन द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी। मंगलवार, वीरवार और शनिवार को खरीद एजेंसी हैफेड गेहूं की खरीद करेगी। मंडी सचिव ने कहा है कि किसान मंडी में साफ सुथरी व सुखी फसल लेकर पहुंचे। ऐसा करने से किसान का समय भी बचेगा।

■ **अब तक मंडी में पहुंच चुका है 48189 क्विंटल गेहूं**

वीरवार को मंडी अधिकारियों द्वारा गेहूं के लिए 274 गेट पास बनाए गए। अब तक 609 गेट पास बनाए जा चुके हैं। वहीं सरसों की फसल के लिए वीरवार को 177 गेट पास बनाए गए। अब तक सरसों के लिए 3529 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। मंडी में अब तक 75 हजार 711 क्विंटल सरसों पहुंच चुकी है। वीरवार को 3458 क्विंटल सरसों पहुंची और इस दिन 3714 क्विंटल सरसों खरीदी गई। अब तक महम अनाज मंडी में 73001 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है। मंडी में 2710 क्विंटल सरसों अभी बिना बिक्री के ही पड़ी है। सरसों की फसल के उठान की बात करें, तो यहां से 59342 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है।

# फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कृषि विभाग के उप निदेशक रविंद्र हुड्डा ने वीरवार को जिला के विभिन्न गांव में किए गए फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोग का कार्य ध्यानपूर्वक करें। क्योंकि इसी के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। रविन्द्र हुड्डा द्वारा गेहूं व सरसों फसल का 5 बाई 5 का प्लाट मौके पर उपस्थित होकर करवाया गया। इन्होंने कृषि विभाग के फसल कटाई प्रयोगों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेश दिए कि प्रत्येक गांव में यह कार्य ध्यानपूर्वक करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें।उप निदेशक रविंद्र हुड्डा ने गांव खेड़ी साध में किसान दिलबाग व धर्मबीर के खेत में फसल कटाई प्रयोगों का कार्य सरेश बीटीएम सांपला द्वारा, गांव कान्ही में किसान संदीप व मुलखराज के खेत में सुरेन्द्र कृषि निरीक्षक व गांव धामड़ में प्रदीप के खेत में नरेंद्र कृषि विकास अधिकारी द्वारा किए जा रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। कुछ खेतों का मौके पर फसल का कटाई कार्य अपनी मौजूदगी में पूर्ण करवाया। सभी को आदेश दिए गए कि फसल कटाई प्रयोगों का कार्य ईमानदारी व निष्पक्षता से ध्यानपूर्वक करें। ताकि गांवों की औसत पैदावार के आकड़े सही प्राप्त हो सके। इसके आधार पर किसानो का मुआवजा निर्धारण किया जा सके।


रोहतक। फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण करते कृषि विभाग के उप निदेशक रविंद्र हुड्डा व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### कृषि उप निदेशक ने दी जानकारी

इस मौके पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा द्वारा बताया गया कि फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) के लिए उप कृषि निदेशक द्वारा फसल कटाई प्रयोग के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिले के सभी गांवों में ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा प्रत्येक गांव में गेहूं, चना, जौ व सरसों फसल के लिए चार-चार फसल कटाई प्रयोग किए जाने है। ये सभी प्रयोग रेंडम नंबर व स्मार्ट सैम्पलिंग विधि के आधार पर खेतो का चुनाव राजस्व विभाग के पटवारियों की सहायता से प्रत्येक गांव में प्रत्येक फसल के लिए चार-चार खेत चुने जाते हैं। फसल कटाई प्रयोगों के निरीक्षण के समय बीमा कंपनी से जिला प्रबन्धक सचिन मिश्रा, कृषि विभाग से विकास, सुपरवाइजर प्रीतम, नरेंद्र, विकास, योगेश व सम्बन्धित गांव के किसान भी मौजूद रहे।

# दिल्ली रोड पर सड़क की खुदाई की वजह से स्थानीय दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली रोड पर बजरंग भवन के पास सड़क की खुदाई की वजह से स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उखड़ी हुई सड़क की वजह से दिन भर धूल उड़ती रहती है जिससे राहगीरों और दुकानदारों को काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाने की मांग की है।
जानकारी के अनुसार, करीब एक माह पहले यहां से बड़े वाहन और बसें नहीं निकलने के कारण सड़क की खुदाई की गई थी। सड़क और रेलवे ट्रैक के बीच कम जगह होने के कारण भारी वाहन यहां से नहीं निकाल पाते। इस वजह से प्रशासन ने रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ सड़क की खुदाई करवाई थी। व्यापारी नेता अशोक मिनोचा सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि टूटी सड़क और उड़ती धूल की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण करवाया जाए।



## केवीएम नर्सिंग कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी




### प्रिया मिस प्रेशर, खुशी मिस टैलेंट व कोमल को मिस इवनिंग बनीं

**रोहतक।** केवीएम नर्सिंग कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने जीएनएम नए विद्यार्थियों के स्वागत में इस पार्टी का आयोजन किया। पार्टी में नृत्य, गायन तथा विभिन्न गतिविधियों का मनोहर संगम देखने को मिला। छात्राओं ने हरियाणवी, पंजाबी तथा विभिन्न संस्कृतियों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। जूनियर छात्राओं ने रैंप वॉक, टैलेंट राउंड द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पार्टी में प्रिया को मिस प्रेशर, खुशी को मिस टैलेंट तथा कोमल को मिस इवनिंग चुना गया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा ने आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर केवीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर कर्मवीर मायना, धर्मवती सहित अन्य मौजूद रहे।

*साइबर फ्रॉड की 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करें*

# पुलिस ने ठगी के मामले में पीड़ित को लौटाए 2 लाख

**रोहतक।** पुलिस ने ठगी के मामले में पीड़ित को जांच के बाद 2 लाख रुपये वापिस किए। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 11 फरवरी 2024 को गांव मोखरा निवासी महावीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जांच में सामने आया कि दिनांक 5 फरवरी 2025 को महावीर के पास कॉल आया कि वह अमेरिका से बात कर रहा है। महावीर को लगा कि उसका भतीजा मंदीप बात कर रहा है, वह करीब 8-9 साल से अमेरिका में रहा रहा है। युवक ने महावीर को कहा कि उसका इंकम टैक्स ज्यादा लगता है, इसलिए वह महावीर के खाते में 14 लाख भेज रहा है। जिसकी बैंक की पासबुक फोटो व रसीद महावीर के पास भेज दी।

### अदालत के आदेश पर फ्रीज करवाई राशि लौटाई

युवक ने कहा कि दो दिन में पैसे उसके खाते में आ जाएंगे। कुछ समय बाद किसी अन्य नंबर से महावीर के पास फोन आया कि अमेरिका से कुछ पैसे आपके खाते में आए है और करैंसी चेंज होने के बाद पैसे आपके खाते में जमा हो जाएंगे। अमेरिका से बोलने वाले युवक ने दोबारा महावीर को फोन कर कहा कि उसे पैसों की जरुरत है। 2 लाख रुपये उसे ट्रांसफर कर दें। जब महावीर के खाते में 14 लाख रुपये आएंगे उनमें से वह रुपये कट कर लेना। महावीर ने उनकी बातों में आकर 2 लाख रुपये भेज दिए। युवक ने दोबारा फोन कर कहा कि उसकी माता आईसीयू में भर्ती है और पैसों की जरुरत है। महावीर ने 99,990 रुपये और भेज दिए। महावीर ने अपने भतीजे मंदीप से बात की तो पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। साइबर थाना की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर जिस खाता में पैसे जमा हुए 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर उस खाता को फ्रीज करवाया गया। अदालत के आदेश पर फ्रीज करवाई गई धनराशि को वापस पीड़ित के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी करते हुए 2 लाख रुपये लौटाए है। जांच के बाद पीड़ित को रुपये वापस किए गए है। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करें।

### युवक पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में पेशी

**रोहतक।** पुलिस ने सुनारिया कला निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेन्द्र सिंह ने बताया कि सुनारिया कला निवासी कश्मीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जांच में सामने आया कि करीब डेढ़ साल पहले कश्मीर के छोटे बेटे अंशुल की दीपक के साथ कहासुनी हुई थी। जिसका आपस में राजीनामा हो गया था। 11 मई 2024 को अंशुल डीएलएफ कॉलोनी में हेयर सैलून में गया हुआ था। तभी दीपक अपने दोस्तों अंकित, अनुज, सोमबीर व अन्य दो साथियों के साथ दुकान में गए। दुकान में घूसते ही बर्फ तोड़ने वाले सूए से अंशुल पर वार कर दिए। युवकों ने जान से मारने की नीयत से अंशुल पर स्लाइगर से वार किए। अंशुल चोट लगने के कारण बेहोश हो गया। युवक अंशुल को मरा हुआ समझकर वहां से भाग गए। अंशुल के गले से सोने की चेन व करीब 6-7 हजार रुपये भी निकाल लिए। जांच के दौरान 9 अप्रैल को आरोपी अक्षित उर्फ चीमा निवासी शास्त्री नगर को सुनारियां जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पीजीआईएमएस में केस दर्ज किया गया।

**उपलब्धि** | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग को कुलपति ने दी बधाई

# स्मार्ट सिटी प्रणाली विकसित करने का एमडीयू को मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति गुलिया, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल तथा शोधार्थी आयुषी चहल ने-ए मेथड टू प्रेडिक्ट ट्रैफिक़ कन्जेस्चन इन आईओटी इनेबल्ड स्मार्ट सिटी नामक प्रणाली विकसित की है, जिसे पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह प्रणाली ऐसा माडल विकसित करती है जिससे यातायात्र प्रबंधन में सुधार होता है। पेटेंट कार्यालय भारत सरकार ने एमडीयू के कंप्यूटर साइंस की इस टीम को इस आविष्कार के लिए पेटेंट प्रमाण पत्र जारी किया है।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस पेटेंट के लिए प्रो. प्रीति गुलिया, प्रो. नसीब सिंह गिल तथा शोधार्थी आयुषी चहल की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि इस नवाचार से यातायात भीड़ प्रबंधन में सुधार होगा और सड़क सुरक्षा और संचालन में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

## कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति गुलिया बोलीं

### यातायात प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को आसानी से बढ़ाया जा सकता



प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि यह पेटेंट एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करता है जिससे यातायात प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को आसानी से बढ़ाया जा सकता है। यह सड़कों पर यातायात को कम करने में मदद करता है जिससे यातायात की भीड़ भाड़ से बचा जा सकता है। यह दैनिक यात्रियों के लिए बहुत सारा कीमती समय बचाने में मदद कर सकता है। यातायात भीड़ प्रबंधन यात्रा के समय को कम करने, सड़क क्षमता बढ़ाने और सड़कों को यात्रा के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करता है। यातायात भीड़ का पूर्वानुमान वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, ईंधन की खपत आदि जैसी समस्याओं को दूर करता है, जो एक स्थायी पर्यावरण को बनाए रखने में मदद करता है। उल्लेखनीय है कि इस आविष्कार में सीजनल ऑटो-रिग्रेसिव इंटीग्रेटेड मूविंग एवरेज और बिडायरेक्शनल लॉन्ग शॉर्ट-टर्म मेमोरी का उपयोग करके एक बुद्धिमान यातायात भीड़ भविष्यवाणी मॉडल विकसित किया गया है। यह मॉडल रैखिक घटकों को संभालने के लिए सीजनल ऑटो-रिग्रेसिव इंटीग्रेटेड मूविंग एवरेज और बिग आईओटी टाइम-सीरीज डाटा सेट के गैर-रैखिक घटकों को संभालने के लिए बीआई- एलएसटीएम का उपयोग करता है।



### डेटासेट में 8 विशेषताएं

इस खोज में उपयोग किया जाने वाला-सिटी प्लस ईयू एफपी7 प्रोजेक्ट एक स्वतंत्र रूप से उपलब्ध डेटासेट है। इसमें स्मार्ट शहरों के सड़क यातायात का डेटा शामिल है। इस डेटासेट में 8 विशेषताएं और कई उदाहरण हैं। डेटासेट में विभिन्न स्थानों पर सेंसर के माध्यम से एकत्र किए गए सड़क यातायात डेटा शामिल हैं, और ये सेंसर आईओटी तकनीक के माध्यम से एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं। इस प्रणाली में मीन एब्सोल्यूट एरर और मीन स्क्वेर्ड एरर जैसे त्रुटि माप मापदंडों का उपयोग परिणामों को मान्य करने के लिए किया जाता है। मीन एब्सोल्यूट एरर और मीन स्क्वेर्ड एरर मान क्रमशः 0.499 और 0.337 बताए गए, जो वर्तमान आविष्कार की विधि को अन्य मौजूदा मॉडलों का उपयोग करने वाली विधियों की तुलना में अधिक त्रुटि मुक्त और प्रभावी बनाता है।

# 304510 रुपये की धोखाधड़ी दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

■ होटल की साइट पर रेट व रिव्यू करने के नाम पर लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने होटल की साइट पर रेट व रिव्यू करने के नाम पर 304510 रुपये की धोखाधड़ी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि रोहतक निवासी दीपिका की शिकायत पर केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि 15 नवंबर 2024 को दीपिका के पास व्हाटसअप आया, जिसने कहा कि होटल की साइट पर रेट और रिव्यू करने के पैसे दिए जाएंगे। इसके बाद दीपिका को टेलीग्राम का लिंक और होटलों के लिंक भेजे गए। दीपिका की सारी डिटेल लेने के बाद उन्होंने दीपिका के पास 250 रुपये पेटीएम कर दिए। दीपिका को लिंक भेजे और एक अंकाउट बनाया। इसमें दीपिका से 7 हजार रुपये डालने को कहा। दीपिका ने पैसे डाल दिए। इसके बाद उन्होंने दीपिका को कहा कि दीपिका से गलती हुई है और इसको ठीक करने के लिए आपको और पैसे डालने होंगे जिसके ठीक होने पर पैसे वापस मिल जाएंगे। उन्होंने अलग-2 ट्राजेक्शन में रुपये डलवा लिए। पैसे वापस मांगने पर बहाने बनाते रहे। उससे धोखाधड़ी से 304510 ट्रांसफर करवा लिए। 9 अप्रैल को आरोपी तुषार और सन्नी निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में शामिल मोहम्मद को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानी:** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकार:** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव अंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्प:** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम



बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *

**किताब:** दुनिया का काम, **लेखक:** अखिलेश श्रीवास्तव चमन,
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव है। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'

**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशी:** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापना:** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधित:** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नाम:** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार



# श्याम का गांव

श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

# गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ


बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

## खबर संक्षेप

### महावीर जयंती पर बांटा प्रसाद

**झज्जर।** वीरवार को स्थानीय मेन बाजार में श्रीमहावीर जयंती पर जैन समाज के लोगों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मनीष बंसल, जैन समाज के अध्यक्ष विपिन जैन, एडवोकेट भरतेश जैन, दीपक, सुभाष चंद जैन, संतोष जैन, अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान सतनारायण गोयल, सीए ध्रुव जैन, उदय जैन, गुन्नु जैन, सतबीर सैनी, बिट्टू चौहान, मनु सैन आदि ने भंडारे के दौरान सेवाएं देते हुए श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया।

### मकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी में मकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। कुलासी के निवासी अनिल का कहना है कि उसने अपने मकान के गेट के बाहर बाइक खड़ी की थी। गत 9 अप्रैल को कोई चुरा ले गया। जब मकान से बाहर निकला तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं, सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली उपभोक्ता फोरम की बैठक आज

**बेरी।** शुक्रवार को बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के बेरी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता अमित गर्ग करेंगे। बिजली निगम के एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को कार्यकारी अभियंता के निर्णय से असंतोष हो तो वह अध्यक्ष अभियंता झज्जर के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकता है।

### महिला के गले से सोने का लॉकेट झपटा

**बहादुरगढ़।** काठमंडी में एक महिला के साथ स्नेचिंग की वारदात हो गई। बाइक सवार दो शातिर उसके गले से सोने का लॉकेट झपट ले गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वारदात लाइनपार की निवासी रीना के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, रीना वीरवार की दोपहर को किसी काम के सिलसिले में काठमंडी में आई थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उसके नजदीक आए। पिछली सीट पर बैठे युवक ने उसके गले से लॉकेट खींच लिया। एकाएक हुई इस वारदात से महिला दंग रह गई। उसने शोर मचाया और पीछा किया लेकिन बाइक सवार शातिर दिल्ली की तरफ भाग गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### भंडारा व वंदना महोत्सव कल

**बहादुरगढ़।** श्री श्याम लाडले सेवा सदन बहादुरगढ़ की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान जी व श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का विशाल भंडारा और श्री हनुमान महोत्सव 12 अप्रैल को नवयुग हाई स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। दोपहर एक बजे भंडारा होगा और शाम 5 बजे से प्रभु ईच्छा तक श्री हनुमान वंदना महोत्सव चलेगा।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जैन सभा के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव एवं जन्म जयंती के शुभ अवसर पर वीरवार को सकल जैन समाज ने शहर में स्वर्ण रथ यात्रा गाजे बाजे व बड़े हर्ष व उल्लास के साथ साधु संतों की छत्रछाया में निकाली। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि यात्रा को एलपीएस बोसार्ड के एमडी समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, समाज सेवी मनोज जैन, भरतेश जैन, जैन सभा प्रधान दीपक जैन, महामंत्री मनोज जैन, समाज सेवी उद्योगपति नवीन जैन, उपप्रधान विनोद जैन, संयुक्त मंत्री विनय जैन, कोषाध्यक्ष रविन्द्र जैन नवल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, वार्ड 17 की पार्षद डिम्पल जैन, अतुल जैन, अजय जैन, गौतम जैन एवं सभी सदस्यों ने धर्म की झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। यह शोभायात्रा सुबह 8: बजे बाबरा मौहल्ला श्री दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी को रथ यात्रा पर विराजमान करके झज्जर रोड पर स्थित जैन जती जी से शुरू होकर भगवान महावीर मार्ग, अप्रोच रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टेंड, शांत माई चैक, गोहाना अड्डा, दिल्ली दरवाजा, बड़ा बाजार, केवल गंज, बाबरा मौहल्ला, शहर के सभी स्थानकों व श्री दिंगबर जैन मंदिरों में होते हुए वापिस बाबरा मौहल्ला में स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में पहुंची, जहां इन्द्रो ने 108 कलशों द्वारा श्री जी का अभिषेक कर महाशांति धारा की। सभी ने संगीतमय महाआरती की। इसके बाद समाज के सभी भक्तों को गंदोदक दिया गया। पूजा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने महावीर भगवान पधारो, मन मंदिर में लेकर मीठी तान पधारो, मन मंदिर में आदि गीतों के साथ जयंती को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। इस शोभायात्रा में चल रहे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के संदेश प्राणी मात्र से प्रेम करो, जियो और जीने दो, सभी धर्मों का सार मत करो जीव सहार के अनुकरण का संदेश दिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान महावीर के संदेश को भी प्रसारित करते नजर आए। शोभायात्रा में महिला पुरुषों के अलावा बच्चों ने भी बढ़ चढकर भाग लिया।



**रोहतक।** भगवान श्री महावीर जयंती पर शोभायात्रा का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन, समाजसेवी मनोज जैन, जैन सभा प्रधान दीपक जैन व अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** शोभायात्रा के दौरान स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** शोभायात्रा के दौरान निकाली गई झांकी। *फोटो : हरिभूमि*

### पालना झुलाया

शोभायात्रा के दौरान जहां महिला श्रद्धालु पूरे रास्ते नृत्य संगीत करते हुए महावीर के गीतों के साथ भक्ति के रंग में रंगे नजर आई वहीं इस यात्रा के दौरान अद्भुत झांकी का भी नजारा देखने को मिला। झांकी के दौरान शाकाहार को खानपान सभी जीवो को आवेदन प्लेकार्ड आदि लेकर जीवों को बचाने का संदेश दिया गया। सभी ने भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाते हुए पालन झुलाया और सभी ने बधाई के गीत गाये। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने अपने घरों व दुकानों के आगे रथ में विराजमान श्रीजी की आरती उतारी। इस यात्रा में जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बैंड के माध्यम से भक्तिमय मधुर संगीत की ध्वनि बजाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## एचडी पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम में पहुंचे देश व विश्व के प्रसिद्ध शिक्षक

# बेल्जियम और फ्रांस से आए ख्यातिप्राप्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में सफल अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विनिमय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में एक सफल अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शिक्षा प्रणाली में हो रहे परिवर्तनों पर चिंतन करना और उन्हें भारतीय शैक्षिक संदर्भ में प्रभावी रूप से लागू करने के उपायों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य दुलाल देब द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट और शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट ने की। मंच संचालन राहुल फौगाट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत, बेल्जियम और फ्रांस से आए ख्यातिप्राप्त शिक्षक व शैक्षणिक विशेषज्ञों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। स्कूल निदेशक सुरेन्द्र फौगाट ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो छात्रों को 11 हजार 11 हजार की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों द्वारा एचडी पब्लिक स्कूल के संपूर्ण शिक्षकों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया। इस सत्र में श्रेष्ठ शिक्षण विधियों और छात्र-केंद्रित, जिज्ञासाभरित शिक्षा दर्शन पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने इस सत्र को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट, शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट, प्रधानाचार्य दुलाल देब, मंच संचालक राहुल फौगाट आदि मौजूद रहे।




### एचडीपीएस में खेलों में बल की सराहना की

बेल्जियम से आए अंग्रेजी और डच भाषा के शिक्षक विंस वान इसबेक ने एचडीपीएस में खेलों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर दिए जा रहे विशेष बल की सराहना की। उन्होंने स्कूल में शूटिंग और योग जैसी गतिविधियों को देखा और कहा कि इस प्रकार की पहल छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि बेल्जियम में छात्रों को हर सप्ताह कम से कम दो घंटे की शारीरिक गतिविधि करना अनिवार्य है और एचडीपीएस की पद्धति को अपनाने से सीखने के परिणाम और बेहतर हो सकते हैं।

### एचडीपीएस की एआई लैब को सराहा

बेल्जियम की आईसीटी शिक्षिका ईरीना मालफाइट एचडीपीएस की एआई लैब से अत्यंत प्रभावित हुईं। उन्होंने छोटे बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर पायथन जैसी आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषाएं सिखाने की पहल की प्रशंसा की और कहा कि यह डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने में एक सराहनीय कदम है।



### पढ़ाई कोई बोझ नहीं : नोपमी पाते

फ्रांस की फ्रेंच भाषा शिक्षिका नोएमी पाते ने छात्रों को अध्ययन का महत्व समझाने पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि एक रोचक और सार्थक अनुभव के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को यह सलाह दी कि वे छात्रों से "क्या समझ में आया?" पूछने की बजाय "क्या मैं ठीक से समझा पाया?" पूछें, ताकि शिक्षक और छात्र के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके।

### सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना की प्रशंसा

बेल्जियम की स्कूल काउंसलर डोरियन ने एचडीपीएस के छात्रों में देखी गई सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रतियोगिता को रचनात्मक और सकारात्मक तरीके से प्रोत्साहित करता है, जिससे छात्रों में तनाव या नकारात्मकता नहीं आती। उन्होंने विशेष रूप से यह सराहा कि स्कूल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और साथ ही उत्कृष्टता की भावना भी बनाए रखता है।

# हीटवेव के चलते जरूरी सावधानी बरतें:डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बढ़ते तापमान व गर्मी के मद्देनजर जिला-वासियों से सावधानी बरतने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचने के लिए नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी पर अमल करना चाहिए। धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि बढ़ते तापमान व गर्मी को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हर संभव प्रयास करें। लू संबंधी प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए, ताकि लोग अत्यधिक गर्मी से बचाव कर सके।

#### हीट स्ट्रोक के लक्षण पहचानें

सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र ने कहा अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना, सिरदर्द, जी मिचलाना, उल्टी, शरीर का तापमान बढना, भ्रम आदि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जिला अस्पताल, उपमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ सम्पर्क करें। पर्याप्त पानी पीएं दिनभर में बार-बार पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगी हो। घर से बाहर निकलते समय पानी साथ लेकर चलें। घर में बने पेय पदार्थों का सेवन करें नींबू पानी, छाछ, लस्सी, नारियल पानी, जलजीरा आदि का सेवन करें। ताजे फल और हरी सब्जियों को आहार में शामिल करें। हल्के रंग और ढीले कपड़े पहनें सिर को टोपी, स्कार्फ या छतरी से ढकें। आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे और पैरों के लिए चप्पल या सैंडल पहनें। सिविल सर्जन ने कहा कि हीटवेव चेतावनी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें, विशेषकर वृद्धजन, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बीमार व्यक्ति तथा साथ ही आम जनता से गमी्र अपील की है।

#### घर रहने की सलाह



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि एडवाइजरी के अनुसार, शरीर में पानी की कमी को पूरा करने और आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए तरबूज, खीरा, संतरा, नींबू और टमाटर जैसे मौसमी फलों एवं उन सब्जियों के सेवन को प्रोत्साहित किया गया है, जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इसमें कहा गया है कि धूप में निकलने के जोखिम को कम करने के लिए लोगों को दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच चरम गर्मी की अवधि के दौरान घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। अगर बाहर निकलना अत्यंत आवश्यक है, तो लोगों को ढीले-ढाले, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने चाहिए और अपने सिर को स्कार्फ, टोपी या छाते से ढकना चाहिए।

# एमडीयू ने बुलाया मेयर रामअवतार वाल्मीकि को, वीसी ने किया स्वागत

हरिभमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि का स्वागत किया। कुलपति ने फैकल्टी हाउस में पुष्पगुच्छ भेंट कर मेयर रामअवतार वाल्मीकि का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शोध कार्यों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एमडीयू की भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा को भी मेयर के साथ साझा किया, जिसमें खासतौर पर झज्जर बाईपास पर रोड के दूसरी तरफ एमडीयू की जमीन की उपयोगिता एवं सौंदर्यीकरण, रेलवे लाइन के साथ गुजरने वाले नाले के समाधान, विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो पर सेक्टर 14 चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था हेतु रेड लाइट लगवाने, विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी कॉलेज बनाने समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने एमडीयू की प्रगति यात्रा की सराहना की और नगर निगम की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चीफ कंसल्टेंट यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राजकुमार, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, सीडीएस निदेशिका प्रो. प्रतिमा देवी, पीआरओ पंकज नैन समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**रोहतक।** मेयर रामअवतार वाल्मीकि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

# हनुमान जन्मोत्सव कल, पवनपुत्र हनुमान को 31 किलो लड्डूओं का लगेगा भोग, मेयर करेंगे ध्वजारोहण व पूजा


- मंदिर को आकर्षित लाइटों से सजाया गया है

हरिभमि न्यूज ▸▸| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के सानिध्य में चैत्र माह की पूर्णिमा शनिवार 12 अप्रैल को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा से मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व है। साथ ही यह दिन बजरंगबली को समर्पित होता है। मंदिर को आकर्षित लाइटों से सजाया गया है। इस मौके पर सुबह 8 बजे मुख्य अतिथि मेयर राम अवतार वाल्मीकि भक्तिभाव और श्रद्धा से पवन पुत्र हनुमान की पूजा अर्चना करके ध्वजारोहण करेंगे और झंडे को सलामी देंगे। पंडित अशोक शर्मा द्वारा प्रसाद वितरित होगा। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। वहीं इस अवसर पर हनुमान 31 किलो का लड्डू और 56 प्रकार के भगवान हनुमान के प्रिय लाल रंग के व्यंजन से उनको भोग लगाया जाएगा, जिसमें गुड़ का तोशा, लाल चावल, गुलाब जामुन, गुलदाना, जलेबी, गाजर का हलवा व मुरब्बा, लाल बरफी आदि शामिल होंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में पूजन एवं अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन, सत्संग, सुंदर कांड पाठ होगा व हनुमान के स्वरूप में नन्हें मुन्ने बच्चे भी अपनी भूमिका निभाएंगे। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 3 बजकर 20 मिनट पर होगी। अगले दिन सुबह 5 बजकर 52 मिनट पर इसका अंत होगा। इसलिए हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।



**रोहतक।** हनुमान जन्मोत्सव की जानकारी देते साध्वी मानेश्वरी देवी।



माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर को आकर्षित लाइट से सजाया गया।

#### पूजा का समय

पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक और दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।

# बुधवार की रात को लगी आग, वीरवार तक भी उठता रहा धुआं, फैला प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

बालोर गांव के खेतों में स्थित अवैध पीवीसी मार्केट में लगी आग को बुझाने में दमकल कर्मियों ने रातभर कड़ी मशक्कत की। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण तो पाया गया लेकिन सुबह तक भी पूरी तरह नहीं बुझ पाई। वीरवार दोपहर तक भी मलबे से धुआं उठ रहा था। आग लगने की इस घटना से काफी नुकसान हुआ है। वहीं, आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ीदरअसल, बहादुरगढ़ में कई जगह अवैध पीवीसी मार्केट है। इनमें बड़ी तादाद में गोदाम हैं, जो इलाके के लिए नासूर समस्या बने हुए हैं। इस वजह से यहां का पर्यावरण दूषित हो रहा है। बीती रात को यहां गांव बालोर के खेतों में मौजूद कबाड़ के गोदामों में भीषण आग लग गई थी। यहां काम करने वाले व्यापारी अनिल दास ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से यहां जमीन किराए पर लेकर प्लास्टिक सेग्रीगेशन का काम कर रहा है। प्लास्टिक के कबाड़ को छांट कर उसे रिसाइकिलिंग के लिए अलग अलग फैक्ट्रियों में भेजा जाता है। रात करीब साढ़े आठ बजे उनके गोदाम में आग लग गई। जिसके चलते सारा सामान और एक गाड़ी जलकर राख हो गई। यहां तीन चार अन्य व्यापारियों का भी सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। हालांकि यहां काम करने वाले श्रमिकों ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई। रातभर दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में प्रयास करते रहे। सुबह टीम वापस चली गई। हालांकि कहीं कहीं हल्की आग सुलग रही है। आग लगने से इलाके में प्रदूषण फैल गया। बालोर सहित आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। पिछले साल भी यहां भीषण आग लगने से काफी नुकसान हुआ था। बालोर के ग्रामीणों का कहना है कि अवैध पीवीसी मार्केट हटाई जाए ताकि लोगों को प्रदूषण से निजात मिले।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
MAID 2
HOUSE KEEPING 2
CLEANERS 2
नजदीक पी.एन.बी.बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

# नशे की लत समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करती : कुलपति प्रो. वर्मा

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'नशा मुक्त हरियाणा अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम का किया आयोजन

- रैली विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को जागरूक करेगी
- लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने की अपील

- कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नशा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप बन चुका है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। इसी खतरे को रोकने और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान की अगुवाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। साथ ही नशा मुक्ति जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर शहर के लिए रवाना किया, जो विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करेगी। कुलपति ने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करती है। युवा पीढ़ी को इस लत से बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने की अपील की।





रोहतक। नशा मुक्ति जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते व कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा।

### नशा एक धीमा जहर

*रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने कहा कि नशे का प्रभाव सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गंभीर रूप से देखा जाता है। उन्होंने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान की रोहतक इकाई का नेतृत्व ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन सेंटर, आर्य नगर की निदेशक राजयोगिनी उमा दीदी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिटेशन और आध्यात्मिकता के माध्यम से नशे की लत को छोड़ा जा सकता है। एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार ने नशे की लत से होने वाले सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और बताया कि युवा पीढ़ी को इससे बचाने के लिए शिक्षा और जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार राजेश भाई, राजकुमार भाई, जगदीश भाई, पुष्पा बहन और गुनगुन बहन, डॉ. अनिल डूडी, डॉ. सोनिया सरोहा, डॉ. अमित, डॉ. प्रीति लठवाल, डॉ. कविता, डॉ. सुमन राठी, डॉ. मोनिका, डॉ. राजीव सहित अन्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### गुरबाणी आपसी भाईचारे का देती संदेश : कुलदीप

**रोहतक।** धार्मिक प्रचार की लहर को तीव्र करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत श्री अकाल तख़्त साहिब के कार्यकारी जथेदार और तख़्त श्री केसगढ़ साहिब के जथेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने गुरूवार को नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के चरण स्पर्श प्राप्त स्थल गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में मत्था टेका। साथ ही संगत के साथ गुरमत विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि गुरबाणी हमें आपसी मेलजोल और भाईचारे का संदेश देती है, इसलिए सिखी में हर वर्ग का समान सम्मान है। उन्होंने भगत धन्ना, भगत रविदास और भगत कबीर समेत सभी भगत साहिबानों की बाणी का हवाला देते हुए संगत को सिखी से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान जथेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सर छोटू राम जाट मॉडल स्कूल का भी दौरा किया। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा, हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व सदस्य हरभजन सिंह खेड़ा, सरदार अमरजीत कपूर उर्फ नीटू, सरदार अवतार सिंह कोचर के अलावा सूरजमल किलोई, गौकर्ण डेरा के प्रमुख कपिल पुरी आदि मौजूद रहे।

## गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

# बेखौफ होकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं लोग










हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अनेक वाहन चालक ऐसे हैं जो बेखौफ होकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। कोई गलत दिशा में वाहन चला रहा होता है तो कोई बिना हेलमेट वाहन दौड़ा रहे होते हैं। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जा रहे हैं लेकिन वास्तव में नियमों का उल्लंघन रुक नहीं रहा है और सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरतने की जरूरत है।

### एक महीने में 344 वाहनों के चालान

*अधिकारियों का दावा है कि ऐसे 344 वाहन चालकों के चालान पिछले महीने किए गए हैं। जिन्होंने वाहनों को गलत तरीके से पार्क किया हुआ था। इसके अलावा हाइवे पर बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी दौड़ाने वाले 76 चालकों के चालान भी किए गए हैं। ये तो वो हैं जो पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। जबकि वास्तव में नियमों का उल्लंघन करने वाले इससे कहीं अधिक है। ऐसे वाहन चालक न केवल खुद की बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन रहे हैं।*

### दूसरों की जान को भी खतरा

*वाहनों को गलत तरीके से पार्क किया हुआ था। इसके अलावा हाइवे पर बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी दौड़ाने वाले 76 चालकों के चालान भी किए गए हैं। ये तो वो हैं जो पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। जबकि वास्तव में नियमों का उल्लंघन करने वाले इससे कहीं अधिक है। ऐसे वाहन चालक न केवल खुद की बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन रहे हैं।*

### उल्लंघना पर होगी कार्रवाई

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। रोहतक में होने वाले हादसों का कारण जानने के लिए वह सड़कों पर उतर गए। उन्होंने देखा कि वाहन चालक अपनी लेन में नहीं चलते हैं। इसके बाद उन्होंने यातायात पुलिस ने लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करने का अभियान शुरू कराया।

**नरेंद्र बिजारणिया,** एसपी, रोहतक

# देवी देवताओं की खंडित तस्वीरों को निस्तारण के लिए धाम पर पहुंचाया

- सुनो नहरो की पुकार मिशन की धार्मिक मूर्तियों को नहरों पर न डालने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नवरात्रों के दौरान चले तीन दिन के विशेष अभियान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सौपी गई देवी-देवताओं की खंडित मूर्तियों, तस्वीरों, प्रतिमाओं व खंडित मंदिरों के उचित निस्तारण के लिए सुनो नहरो की पुकार मिशन टीम द्वारा रोहतक से 96 किलोमीटर दूर जींद जिले के एक धाम में अपने नीजि लोडिंग वाहन से ले जाया गया। जहां पर उचित विधि विधान व पूजा पाठ के साथ इनका निस्तारण किया जाता है। मिशन के मुख्य संरक्षक ० जाट कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. जसमेर सिंह ने बताया कि पिछले एक माह तथा तीन दिनों के विशेष अभियान के दौरान जो धार्मिक मूर्तियां, तस्वीर, प्रतिमाएं नहरों के जल में प्रवाहित करने के लिए लाई गई थी,मिशन के सदस्यों द्वारा लोगों को समझाकर यह पानी में प्रवाहित करने से रोका और अब उनके उचित निस्तारण के लिए जींद के श्री गोविंद धाम अध्यात्मिक केंद्र गतौली में सौंपा। मिशन के महा-सचिव मुकेश नैनकवाल और वरिष्ठ सदस्य ईश्वर सिंह दलाल ने सभी लोगों से अपील की है कि इन नहरों का पानी ही हम सभी के घरों में पेयजल के रूप में पहुंचता है। अतः इसे किसी भी प्रकार से आस्था के नाम पर प्रदूषित ना करें। ताकि नहरों का जल इन मूर्तियों पर लगे श्रृंगार,प्लास्टिक व रंगों से प्रदूषित न हो और हमारी आस्था का भी किसी प्रकार से अपमान न हो।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर डॉ. जसमेर सिंह, मुकेश नैनकवाल,डॉ. रविंद्र नांदल,प्रीत सिंह अहलावत,ईश्वर सिंह दलाल,साहब सिंह धामड़, अजय हुड्डा,रणबीर मलिक, रविंद्र मलिक,डॉ. संतलाल बुधवार, निर्मल पन्नू, राजेश नरवाल,सतबीर छिकारा,प्रवीण सहगल,सुन्दर जेटली, वैद्पाल नैन, गौरव मलिक, मोनू शर्मा, आशु राणा, शैलेंद्र शर्मा, अशोक दहिया आदि उपस्थित रहे।

### एमएससी रोहतक यूनिट ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रोहतक।** एमएससी यूनिट द्वारा रविवार को खेड़ीसाध गांव में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 150 लोगों की स्क्रीनिंग और उपचार किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. नीलम कुमार ( प्रमुख सामुदायिक चिकित्सा विभाग) द्वारा किया गया। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया। शिविर में निःशुल्क दवाएं और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा बच्चों ने जन्मजात दोष को रोकने के उपायों के बारे मे और गर्भावस्था के दौरान करने वाले व्यायाम के बारे मे स्किट के माध्यम से जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. विनोद चायल , डॉ. प्रियंका, डॉ. नवीन, डॉ. जागृति, डॉ. अनिर्बन, डॉ. भरत, डॉ. नीतू, डॉ. श्रृष्टि, डॉ. सचिन, डॉ. विकास आदि मौजूद रहे।

### नेहरू कॉलोनी में मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**रोहतक।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर 134वां जन्मदिवस 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक में बड़ी धूमधाम से बनाया जाएगा। जिसमें हरियाणा के सभी गांवों और शहर के सभी बिरादरी के लोग हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि युवा लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। जिसकी अध्यक्षता गीता भुक्कल पूर्व केबिनेट मंत्री विधायिका झज्जर और भारत भूषण बत्तरा विधायक करेंगे। अतिविशिष्ट के तौर विधायक भारतभूषण बत्तरा और शकुंतला खटक होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने बताया कि इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक डेयरी मोहल्ला के लोग जुलूस के रुप में ढोल नगाड़ों के पहुंचेंगे और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धाजंलि देंगे। इस अवसर पर पवन सूतवाल, कृष्ण मुंडे, शकुंतला सम्भरवाल, अनिल कुमार, वजीर सिंह भौरिया, कुलदीप राठी, अशोक कुमार, अनिल मेहरा, नीलम भुक्कल, राजा, कृष्ण, धर्मचंद भोला, जसबीर मदान और नरेंद्र तंवर आदि मौजूद रहेंगे। उधर डैहरी मोहल्ला के चौपाल में भी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर 134वां जन्मदिवस 14 अप्रैल को मनाया जाएगा यह जानकारी प्रधान दलबीर बामनिया ने दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ।

### मिडिया के सामाजिक अभियानों को सांझा किया

**रोहतक।** संवेदी समाज समय की जरुरत है ।सामाजिक जागरूकता पैदा करने, महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी सामुदायिक सहभागिता को सुगम बनाने तथा लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज कार्य पेशेवरों को लोगों तक कनेक्ट के लिए विभिन्न मीडिया उपकरणों और प्लेटफार्मो का उपयोग करना चाहिए। यह उद्गार प्रतिष्ठित मीडिया विशेषज्ञ और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (खानपुर कलां) के समाज कार्य विभाग द्वारा 'समाज कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुद्दे' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर आमंत्रित वक्ता व्यक्त किए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस (एनआईएसडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। मीडिया विशेषज्ञ सुनित मुखर्जी ने संबोधन में कहा कि समाज को वृद्ध होती आबादी, लैंगिक समानता, महिला सशक्तीकरण, समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करने की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए मीडिया का उपयोग किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रघुबीर सैनी का निधन

**रोहतक।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुबीर सैनी का हृदय गति रूक जाने से आज आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गोहाना रोड स्थित शमशान भूमि पर किया गया। उनके निधन पर शहर के राजनैतिक, सामाजिक लोगों ने शोक व्यक्त किया। उनकी शव यात्रा के दौरान रोहतक से विधायक भारत भूषण बतरा, महम से विधायक बलराम दांगी, पूर्व राज्यसभा सांसद शादीलाल बतरा, पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ललित मोहन सैनी, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सैनी संस्था के प्रधान अवनिश सैनी, पूर्व प्रधान विजय सैनी, बलजीत सैनी, निगम पार्षद मंजू सैनी, लोकेन्द्र फौगाट, बलराज बल्ले, संजय परमार, मनमोहन आजाद, सूरजमल किलोई, देवेंद्र भारत, सतीश बंधू, गीता भारती, मृदुला शर्मा, तिलकराज मग्गू, सरदार जसबीर सिंह, राजीव गुगनानी, जितेन्द्र सैनी, राजपाल बुध्वार, रोमी ग्रेवाल, सोमनाथ महता, तारचंद बागड़ी, पूर्व पार्षद संजय सैनी, राजीव अत्री, चरणजीत शर्मा मौजूद रहे।

# भगत शिरोमणी धन्ना भगत जयंती समारोह का निमंत्रण देने पहुचेंगे सांसद सुभाष बराला

- 20 अप्रैल को भगत जींद के पालवां गांव में कार्यक्रम का होगा आयोजन
- समारोह में हरियाणा से हर समाज के लोग लेंगें हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। मीटिंग में विचार रखते प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक।

आगामी 20 अप्रैल को भगत शिरोमणि धन्ना जाट की जयंती जींद जिला की उचाना कलां विधानसभा के पालवां गांव में दाड़न खाप के चबूतरे पर जयंती समारोह का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने दी। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। पिछले साल की तरह इस बार भी सरकारी स्तर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में हरियाणा भर से हर समाज के लोग भाग लेंगें। शमशेर सिंह खरक ने बताया कि रोहतक जाट भवन में आयोजित सर्व समाज की बैठक में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला बतौर प्रदेश संयोजक भगत शिरोमणि धन्ना जाट जयंती समारोह का निमंत्रण देने पहुंचेगें। खरक ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी थी तभी हरियाणा सरकार ने यह एक बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया था कि समाज को एक अच्छी दिशा देने वाले सभी महापुरुषों, गुरुओं, संतों की जयंती हर वर्ष हरियाणा सरकार की ओर से राज्य स्तर पर मनाई जाएगी। इसी कड़ी में भगत शिरोमणि धन्ना जी की जयंती आगामी 20 अप्रैल 2025 रविवार को श्रद्धा, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी।

**टिप्पणी** एचकेआरएन शिक्षित युवक-युवतियों के भविष्य से खिलवाड़ करने का बना माध्यम

# केंद्रीय अधिनियम का उल्लंघन करके सरकार ने गठित किया एचकेआरएन : जीवन सिंह

बिना पर्ची - खर्ची के नौकरी देने से प्रभावित होकर लोगों ने भाजपा को वोट दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जनसेवा ट्रस्ट के संयोजक जीवन सिंह ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा में हो रहे शोषण को समाप्त करने के नाम पर गठित एचकेआरएन शिक्षित युवक युवतियों के भविष्य से खिलवाड़ का माध्यम बन गया है। बिना पर्ची - खर्ची के नौकरी देने, वंचित वर्ग को रोजगार देने व सेवा सुरक्षा की गारंटी देने से प्रभावित होकर जनता ने भाजपा को विधानसभा चुनाव में वोट देकर सत्तासीन किया। अब अनुबंध आधार पर एचकेआरएन के तहत 5 वर्ष से कम सेवा वाले कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है । जीवन सिंह ने बताया कि आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट 1 में तो कर्मचारी ठेकेदार द्वारा लगाए जाते थे। परंतु पार्ट 2 में विभागों से स्वीकृत खाली पदों के विरुद्ध नियुक्ति की जाती थी। एचकेआरएन के लेवल 1 से 111 तक में ऐसे पद हैं जो स्थाई प्रकृति के हैं तथा एचपीएससी व एचएसएससी से भर्ती की जानी बनती है परंतु सरकार की नियत व नीति साफ समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 ,ठेका श्रमिक नियमन व उन्मूलन अधिनियम 1970, पेमेंट ऑफ ववेजेज एक्ट ,ग्रेच्युटी एक्ट, बोनस एक्ट प्रसूति अवकाश के प्रावधान जो लेबर कोड बिल में भी कुछ सीमा तक थे इसमें समाप्त कर दिए गए हैं।

### नियुक्ति के लिए मेरिट में भी अनियमितता

पूर्व कर्मचारी नेता जीवन सिंह ने कहा कि नियुक्ति के लिए मेरिट में भी शैक्षणिक योग्यता अनुभव, सीईटी पास के लिए कम अंक निर्धारित कर गुणवत्ता को तथा आयु के लिए निर्धारित अंकों में भी अनियमितता,आरक्षण को भी गोल मोल तरीके से अंकित करना,बैकलॉग को स्पष्ट नहीं करना ,शोषण से मुक्ति नहीं युवाओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन करना है। ये आरोप सिंह ने लगाए हैं। उन्होंने बताया कि एचकेआरएन का गठन सरकारी विभाग रोजगार कार्यालय के स्थान पर केंद्रीय रोजगार (नियोजनालय) रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना को उल्लंघन करके अपने चहेतों को पिक एंड चूज के आधार पर नौकरी देने का रास्ता निकाला है। नियोजनालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम 1959, 2 सितंबर 1959 को अधिनियम संख्या 31 संसद द्वारा पारित किया गया था यह संपूर्ण भारत में लागू किया गया । केंद्रीय सरकार द्वारा शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अलग-अलग तिथियां से लागू किया गया । जीवन सिंह ने बताया कि जब नियोजन न्यायालय अधिनियम 1959 अस्तित्व में है तो निगम सरकार द्वारा अनुमोदित एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। यह ओवरलैपिंग की गई है और इसे भंग किया जाए।